भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 25

(जिसका उत्तर सोमवार, 18 नवम्बर, 2019/27 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाना है)

विकास परियोजना हेतु विश्व बैंक ऋण

25. डॉ॰ जी॰ रणजीत रेड्डीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विश्व बैंक ने वर्ष 2010 में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना नगरपालिका विकास परियोजना के लिए 300 मिलियन यूएस डॉलर के ऋण हेतु स्वीकृति दी है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परियोजना की स्थिति क्या है; और

(ग) यह परियोजना कब तक शुरू होगी?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): विश्व बैंक ने 10 दिसम्बर, 2009 को 300 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण राशि के साथ आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना नगरपालिका विकास परियोजना अनुमोदित की थी। यह परियोजना 23 मार्च, 2010 से प्रभावी हो गई थी तथा 350 मिलियन अमरीकी डालर की कुल परियोजना लागत के साथ आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना राज्य में कार्यान्वित की गई थी। यह परियोजना 31 दिसम्बर, 2018 को बंद हो गई थी।

******